कोरोना की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत निगम मुख्य कार्यालय के साथ ही अब जोन कार्यालयों में भी थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था

भिलाई नगर/ नगर निगम मुख्य कार्यालय के साथ ही जोन कार्यालयों में भी थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था महापौर एवं विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर कर दी गई है! नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में एक तिहाई कर्मचारी रोस्टर सिस्टम के तहत विभिन्न कार्यों में लगे हुए जिनकी थर्मल स्क्रीनिंग के उपरांत ही प्रवेश दिया जा रहा है! निगम मुख्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित हो रहे है! संपत्तिकर , जलकर, पेंशन शाखा, भवन अनुज्ञा शाखा, स्वास्थ्य विभाग, योजना शाखा, राजस्व विभाग, सचिवालय, जनसंपर्क विभाग, डाटा सेंटर, लेखा विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, जल विभाग सहित अन्य विभागों में रोस्टर सिस्टम से अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि जनता के महत्वपूर्ण कार्य में कोई बाधा न आए! स्वच्छता से संबंधित, पेयजल से संबंधित, खाद्य सामग्री से संबंधित एवं कुछ जरूरी कार्यों में लगे अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लॉक डाउन में नियमित रूप से काम किया जा रहा है ! निगम के सुरक्षाकर्मी एवं स्वच्छता कर्मचारी आवश्यक कार्य से आने वाले लोगों को ही प्रवेश दे रहे हैं और उनकी भी थर्मल स्क्रीनिंग कर रहे हैं, शिकायतकर्ताओं के लिए अलग से शिकायत पेटी की व्यवस्था की गई है जिन्हें मुख्य कार्यालय के भीतर प्रवेश की आवश्यकता नहीं है वह बाहर से ही अपनी समस्या एवं शिकायत पेटी में डाल सकते हैं! शहर में अत्यावश्यक सेवा के लिए निगम के कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं, तथा मुख्य कार्यालय सहित जोन के अधिकारी/कर्मचारी लॉक डाउन में अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे है! कार्यालयों के खिड़की , दरवाजे, टेबल, कुर्सी में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया जा रहा है एवं निगम कार्यालय आने के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सोशल डिस्टेंस का मेंटेन करते हुए मास्क का भी उपयोग किया जा रहा है , इस बाबत समय-समय पर निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है !